हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
23 मई 2024, समय 1305

हरियाणा में आज शाम 6 बजे चुनाव प्रचार थम जायेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि चुनाव से 48 घंटे पहले ही मौन काल शुरू हो जायेगा।
उन्होंने कहा कि शाम 6 बजे के बाद कोई भी जनसभा करने गैर कानूनी रूप से इकठ्ठे होने और लाउडस्पीकर के प्रयोग पर पाबंदी रहेगी।

....

हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कल मतदाता जागरूकता रैली निकली गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। विश्वविद्यालय द्वारा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रहे।

....

पंचकूला में काँग्रेस द्वारा कल शाम संविधान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने शिरकत की।
राहुल गांधी ने कहा कि संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, बल्कि संविधान को अगर गहराई से देखें तो यह अधिकार देने का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि भारत की जनसंख्या को देखें तो पता चलेगा कि लगभग 90 प्रतिशत लोग जैसे आदिवासी, अल्पसंख्यक , उनकी कहीं भागीदारी नही है।
राहुल गांधी ने कहा कि संविधान हमें समानता का अधिकार देता है। केवल 5 और 10 प्रतिशत लोग बहस कर रहे हैं, लेकिन 90 प्रतिशत लोग बहस में शामिल ही नहीं है। 90 प्रतिशत लोगों की आवाज मीडिया में आती ही नहीं है। लोगों की राजनीतिक भागीदारी बहुत जरूरी है।

....

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कल फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के अनंगपुर में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया और बीजेपी प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के लिए लोगों से समर्थन मांगा।
श्री धामी ने कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति की आलोचना की और मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद-370, तीन तलाक और नागरिकता संशोधन अधिनियम जैसे ऐतिहासिक फैसलों का जिक्र करते हुए कहा कि बीजेपी अपने वादे पूरे करती है।

....

करनाल लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के करनाल से प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कल करनाल नीलोखेड़ी, घरौंडा के गांवों में रोड शो निकाला और जनसभाएं कर लोगों से बी जे पी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। इस मौके पर उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला ।

घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में रोड शो घरौंडा, गढ़ा मुल्तान, कालरम, मुबारकाबाद आदि स्थानों से गुजरा। इस दौरान श्री मनोहर लाल के साथ पूर्व पहलवान द ग्रेट खली दलीप सिंह भी मौजूद रहे। द ग्रेट खली ने करनाल लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जिताने की अपील की ।

खली ने कहा कि वह मनोहर लाल के लिए इसलिए वोट मांगने आये हैं क्योंकि उनकी छवि साफ-सुथरी है और श्री मनोहर लाल ने हरियाणा का काफी विकास किया है। नीलोखेड़ी से रायसन तक के रोड शो के दौरान विभिन्न गांवों से गुजरते हुए श्री मनोहर लाल खुद ट्रैक्टर चलाकर जनता के बीच पहुंचे। ।

पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि देश की जनता ने श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का फैसला कर लिया है । उन्होंने कहा कि प्रदेश में 47 डिग्री तापमान के बीच भी बी जे पी की रैलियों में उमड़ रही भारी भीड़ इसका प्रमाण है। उन्होंने रोड शो के दौरान भाजपा सरकार की केंद्र व राज्य की योजनाओं की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि यह विकास जारी रहेगा इसके लिए जरूरी है कि केंद्र और राज्य दोनों जगह बी जे पी की सरकार बनी रहे।

....